एमबीडी नियोपोलिस लुधियाना में दि चॉकलेट बॉक्स एंड लाउंज शुरू करने की घोषणा

लुधियाना/सचदेवा

विगत 15 वर्षों से दि चॉकलेट बॉक्स एंड लाउंज, जिसे अक्सर टीसीबी कहा जाता है, एमबीडी ग्रुप के स्वामित्व वाले 5 सितारा होटलों में संचालन करता रहा है और इसे एमबीडी ग्रुप के सबसे नवीन ब्रांडों में से एक माना जाता है।

लुधियाना में दि चॉकलेट बॉक्स एंड लाउंज की शुरूआत करने के दौरान की तस्वीरें। (विशाल)

एमबीडी ग्रुप की एमडी सुश्री मोनिका मल्होत्रा कंधारी ने एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि, चॉकलेट बॉक्स एंड लाउंज बढ़िया खाद्य पदार्थों और अपने प्रियजनों के साथ क्वालिटी टाइम व्यतीत करने के लिए एक आदर्श स्थान है। यह इस तथ्य की गवाही देता है कि पिछले 15 वर्षों में इस ब्रांड को कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जैसे टाइम्स फूड गाइड एंड नाइट लाइफ अवार्ड तथा एचटी हॉल ऑफ फेम। ग्राहकों के निरंतर बदलते व्यवहार से तालमेल बनाते हुए, टीसीबी में सिग्नेचर स्नैक्स प्रदान किये जाते हैं, जिनमें रैप्स, बर्गर, चिट चैट कॉम्बो, सैंडविच, सलाद, शेक, मैकरून, चॉकलेट, डिजाइनर केक और अनेक ताजे मौसमी उत्पाद शामिल हैं।

चॉकलेट पसंद करने वालों के लिए तो यह जगह किसी स्वर्ग से कम नहीं है। टीसीबी में गुणवत्ता और बेहतरीन सामग्री वालीचॉकलेट मिलती हैं। मैकरॉन की रंगीन रेंज उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं से कहीं बढ़कर है और ये पल हमेशा याद रह जाते हैं। इसके अलावा, किसी विशेष अवसर को यादगार बनाने के लिए यहां डिजाइनर केकों की ढेरों वैरायटी मिलती है।

हमने इस आधुनिक और शानदार ओपन कैफे - दि चॉकलेट बॉक्स एंड लाउंज को खास तरह से डिजाइन किया है, एमबीडी ग्रुप की एमडी सुश्री मोनिका मल्होत्रा कंधारी ने कहा, टीसीबी जिस तरह का सुरुचिपूर्ण और शानदार अनुभव देने का लक्ष्य रखता है, उसे देखते हुए हमने इसे फ्रांसीसी टच देने की कोशिश की है ताकि यह स्थान आधुनिक और आकर्षक लगे। इसमें कई शानदार एलीमेंट जोड़े गये हैं, जैसे कि डिजाइनर आर्ट कंसोल, नक्काशीदार धातु में फूलों की झलक और यूरोपीय शैली के वेलेंसेस। इसके अलावा, नक्काशीदार कला के साथ पूरे स्थान को प्रकाशवान किया गया है। प्राइवेसी प्रदान करने के लिए यहां धातु के अद्वितीय मेहराब, लकड़ी का फर्श और सुनहरी आभा प्रदान की गयी है। इन सब विशेषताओं के चलते यह स्थान न सिर्फ लुधियाना बल्कि देश भर में मौजूद अन्य कैफेज से एकदम अलग है।

इस अवसर पर एमबीडी ग्रुप की जेएमडी, सुश्री सोनिका मल्होत्रा ने पत्रकार सम्मेलन में बताया कि, यह समर्पण की भावना ही है जिसके चलते अनेक वर्षों से एमबीडी समूह ने टीसीबी के रूप में एक सफल खाद्य एवं पेय ब्रांडों का गुलदस्ता तैयार किया है। एमबीडी नियोपोलिस लुधियाना में दि चॉकलेट बॉक्स एंड लाउंज का यह नवीनतम आउटलेट प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारणरणनीति के साथ अंतराष्ट्रीय प्रारूप पर एक नवीनतम पेशकश है।